Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 342 रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

नए बजट को लेकर आज से मंत्री स्तरीय बैठकें नवीन मद के प्रस्तावों पर भी होगी चर्चा

रायपुर, 6 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026-27 का बजट बनाने की प्रक्रिया निर्णायक दौर में आ पहुंची चुकी है. आज से महानदी भवन, मंत्रालय में मंत्री स्तरीय बजट चर्चा होने जा रही है, जो 6 जनवरी से शुरू होकर 9 तक चलेगी. फिलहाल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों की चर्चा का समय तय नहीं हुआ है। मंत्री स्तरीय बजट चर्चा में 6 जनवरी से 9 जनवरी तक मुख्य बजट प्रस्तावों और नवीन मद प्रस्तावों पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ चर्चा होगी. बताया गया है कि मंत्री अपने विभागों से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव पेश करेंगे. वित्त मंत्री से चर्चा के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर बजट में शामिल किया जाएगा. जिन नवीन मद के प्रस्तावों पर सहमति नहीं होगी उन्हें दरकिनार किया जाएगा. इसी चर्चा के एक हिस्से में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के प्रस्तावों पर वित्त मंत्री के साथ चर्चा होगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ चर्चा होगी

6 जनवरी को सुबह 11 बजे उद्योग, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, दोपहर 12 बजे स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं ओबीसी कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, दोपहर 2 बजे पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल और दोपहर 3 बजे कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं एससी कल्याण मंत्री गुरु खुशवंत के नए प्रस्तावों पर चर्चा कर मंजूरी दी जाएगी। 7 जनवरी को सुबह 11 बजे वन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, दोपहर 12 बजे राजस्व, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, दोपहर 2.30 बजे अजाक कल्याण, कृषि एवं मछली-पशुधन पालन मंत्री रामविचार नेताम और अपराह्न 4 बजे वित्त मंत्री ओपी चौधरी अपने विभागों के प्रस्तावों पर निर्णय लेंगे।

8 जनवरी को सुबह 11 बजे उप मुख्यमंत्री अरुण साव के लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खेल एवं युवा कल्याण और नगरीय प्रशासन विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा होगी. दोपहर 2.30 बजे स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी विभागों के प्रस्ताव रखे जाएंगे। 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और दोपहर 2 बजे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और आईटी विभाग के नए प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा अलग से तय की जाएगी।

अवैध प्रवेश और हथियार लहराने के वायरल वीडियो पर कार्रवाई 3 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल

मुंगेली, 6 जनवरी (हाईवे चैनल)। अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित क्षेत्र से लगे इलाके में अवैध रूप से प्रवेश कर हथियार लहराने के गंभीर मामले में वन विभाग ने त्वरित और कठोर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने न केवल दोषियों के विरुद्ध कानूनी कदम उठाए, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रकरण में संबंधित बैरियर गार्ड को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है, जबकि क्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पी-ओ-आर क्रमांक 2473/18 दिनांक 02 जनवरी 2026 के तहत मामला दर्ज कर भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 2, 9, 27, 29, 38, 39, 50 एवं 51 के उल्लंघन का अपराध पाया गया।

अचानकमार टाइगर रिजर्व मामला

- जमानत याचिका खारिज, एक फरार की तलाश जारी

आरोपियों के नाम- अजीतदास वैष्णव (26 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 02, राजाबाड़ा लोरमी विकान्त वैष्णव (36 वर्ष), ग्राम तुमडीबोड, जिला राजनांदगांव तथा अनिकेत मौर्य (27 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 13, मुंगेली रोड लोरमी तीनों आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुंगेली के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। 05 जनवरी 2026 को आरोपियों द्वारा दायर जमानत आवेदन को विभागीय आपत्ति के बाद न्यायालय ने खारिज कर दिया और न्यायिक रिमांड 16 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई।

ब्रेकिंग न्यूज

सोनिया गांधी फिर गंगा राम अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली, 6 जनवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है और उन्हें एक छाती रोग विशेषज्ञ की निगरानी में रखा गया है। यह एक नियमित भर्ती बताई जा रही है, लेकिन अस्पताल के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि सोनिया गांधी को पुरानी खांसी की समस्या है और वे शहर में प्रदूषण को देखते हुए नियमित जांच के लिए आती रहती हैं। उन्हें सोमवार शाम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोनिया गांधी की स्वास्थ्य स्थिति ठीक है। उन्हें विशेष रूप से छाती से संबंधित समस्याओं के लिए चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया है। उन्हें पहले से ही पुरानी खांसी की शिकायत रही है, जिसके कारण वे नियमित अंतराल पर अस्पताल आकर अपनी जांच करवाती हैं। गांधी दिसंबर 2025 में 79 साल की हो गई।

शरजील-उमर को जमानत न मिलने के बाद जेएनयू में आधी रात प्रदर्शन

नई दिल्ली, 6 जनवरी (न्यूज चैनल)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में उस समय तनाव का माहौल बन गया जब छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज होने के बाद प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और विवादित नारे लगाए गए। सोमवार रात हुए विरोध प्रदर्शन के एक कथित वीडियो के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की गई। यह घटना 5 जनवरी 2020 को जेएनयू परिसर में छात्रों पर हुए हमले की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई। जेएनयू छात्र संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने शरजील इमाम और उमर खालिद को जमानत न मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन की प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल, स्टूडेंट्स 5 जनवरी, 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं।

5 लाख की इनामी महिला नक्सली भूमिका उर्फ गीता ने धमतरी एसपी ऑफिस में किया आत्मसमर्पण

- नगरी एरिया कमेटी सदस्य एवं गोबरा एलओएस कमांडर के रूप में थी सक्रिय
- माओवादी विचारधारा से मोहभंग, छत्तीसगढ़ शासन की आत्म समर्पण एवं पुनर्वास नीति से हुई प्रभावित, कई नक्सली घटनाओं में थी शामिल
- धमतरी पुलिस के सतत में किए सिविक एक्शन और लगातार ऑपरेशन के दबाव का परिणाम

धमतरी, 6 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति तथा धमतरी पुलिस द्वारा लगातर किए जा रहे ऑपरेशन, सिविक एक्शन एवं पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट के माध्यम से किए जा रहे व्यापक प्रचार-प्रसार और अपील से प्रभावित होकर, नगरी एरिया कमेटी सदस्य एवं गोबरा एलओएस कमांडर भूमिका उर्फ गीता उर्फ लता उर्फ सोमारी (37 वर्ष), निवासी पुसनार, थाना गुंगालुर, जिला बीजापुर ने आज पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शैलेंद्र कुमार पांडेय के समक्ष आत्मसमर्पण किया।माओवादी संगठन में लंबे समय तक रहने के दौरान दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन से वंचित रहने, भेदभावपूर्ण व्यवहार तथा संगठन की विचारधारा से निराश और क्षुब्ध होकर उसने मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया। शासन द्वारा उस पर 5 लाख रूपये का इनाम घोषित था। माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय के सतत मार्गदर्शन और पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज श्री अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में यह आत्मसमर्पण संपन्न कराया गया है।भूमिका उर्फ गीता वर्ष 2005 से माओवादी संगठन में सक्रिय रही। प्रारंभिक प्रशिक्षण के पश्चात वह 2010 तक प्लाटून-01 में रही। वर्ष 2010 में उड़ीसा राज्य कमेटी में स्थानांतरित होकर विभिन्न कमेटियों में सक्रिय रहकर 2011 से 2019 तक सीसीएम संग्राम की गार्ड रही। इसके बाद 2019 से 2023 तक सीनापाली एरिया कमेटी में एसीएम तथा सितंबर 2023 में गोबरा एलओएस कमांडर के रूप में कार्यरत रही।

कई नक्सली घटनाओं में रही शामिल - आत्मसमर्पित महिला नक्सली कई वरदातो मे शामिल रही जिनमे वर्ष 2010 ओडिशा के पड़कीपाली (जिला महासमुंद) में हुई मुठभेड़ में 8 नक्सली मारे गए, इस दौरान एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई तथा एक नक्सली लापता हो गया। वर्ष 2014 मैनपुर के मोतिपानी जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वर्ष 2016 नुआपाड़ा (ओडिशा) के कमलावाड़ी जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ।इसी वर्ष नुआपाड़ा (ओडिशा) के पोतेलपाड़ा जंगल में हुई एक अन्य मुठभेड़ में भी शामिल रही, जिसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वर्ष 2018 जिला बीजापुर के तिमेनार जंगल में घर लौटते समय हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें 8 नक्सली मारे गए। वर्ष 2023 गरियाबंद के ताराझार जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ।वर्ष 2024 धमतरी के एकावरी जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वर्ष 2025 धमतरी के मांदागिरी जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। 10 नवम्बर 2025 गरियाबंद के सेमरा जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही, जिसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई तथा उसके विरूद्ध विभिन्न धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आत्मसमर्पण करने पर उसे 50,000 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 3 की मौत

- कांगेर वैली में ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा. राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर लगा जाम

जगदलपुर, 6 जनवरी (हाईवे चैनल)। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में आज बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर पीछे से आ रहे एक ट्रक ने पिकअप वाहन को जोरदात टक्कर मारी। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दी है। पूरा मामला दरभा थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन पखनार के साप्ताहिक बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, जिससे ट्रक सीधे पिकअप वाहन से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन के केबिन में फंसा है। घटना की सूचना मिलने पर दरभा पुलिस मौके पर पहुंची है। कटर मशीन की मदद से ट्रक चालक को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने बताया कि दोनों वाहन एक ही दिशा में चल रहे थे। पिकअप आगे थी और ट्रक पीछे से आ रहा था। ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक पिकअप से टकरा गया। इस हादसे में पिकअप सवार तीन लोगों की मौत हुई है। हादसे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर जाम की स्थिति बन गई है। पुलिस यातायात बहाल करने की कोशिश कर रही है।

वीबी-जी राम जी पर कांग्रेस करेगी चरणबद्ध प्रदर्शन

डिप्टी सीएम साव बोले- एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है कांग्रेस

रायपुर, 6 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की सियासत में वीबी-जी राम जी को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस इस मुद्दे पर चरणबद्ध प्रदर्शन करेगी। इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि कांग्रेस नामों को लेकर राजनीति करती रही है। आज कांग्रेस एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। वीबी-जी राम जी विकसित भारत की आधारशिला है। आज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर जरूरी बदलाव किए गए हैं। जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से भूपेश बघेल मुलाकात करेंगे। इस पर साव ने कहा, यह उनका अपना निर्णय है। बेटे को जमानत मिल चुकी है, लेकिन निर्दोष आदिवासी के साथ जिस तरह से अन्याय हुआ है, उसे प्रदेश की जनता ने देखा है। जनविश्वास विधेयक द्वितीय को राज्यपाल की मंजूरी मिलने डिप्टी सीएम साव ने इसे जनता के हित में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य कानूनी पेचीदगियों को कम करना है। विधेयक के पारित होने से आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और न्यायालयों में लंबित मुकदमों का बोझ भी कम होगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी नहीं रहे

नई दिल्ली, 6 जनवरी (न्यूज चैनल)। पुणे की सियासत से एक बड़ी खबर सामने आई है। शहर का प्रतिनिधित्व लंबे समय तक करने वाले पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाडी का मंगलवार को निधन हो गया। 82 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। बीते कुछ दिनों से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी, जिसके चलते उनका पुणे के एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा था। परिजनों के अनुसारउनका अंतिम संस्कार आज शाम को पुणे में किया जाएगा। 1 मई 1944 को जन्मे सुरेश कलमाडी का जीवन राजनीति तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत भारतीय वायु सेना से की थी और छह वर्षों से अधिक समय तक एक पायलट के रूप में देश की सेवा की। वायु सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन का रास्ता चुना और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़कर राजनीति में कदम रखा। पुणे से वे कई वर्षों तक लोकसभा सांसद रहे और केंद्र की पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार में रेल राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी निभाई। उनके राजनीतिक करियर की एक अनोखी उपलब्धि यह रही कि वे ऐसे इकलौते रेल राज्य मंत्री थे जिन्होंने स्वयं रेल बजट प्रस्तुत किया, जो भारतीय संसदीय इतिहास में एक विशेष रिकॉर्ड के रूप में देखा जाता है। सुरेश कलमाडी ने पुणे की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को भी मजबूती दी।

आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन में राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

- जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं के उन्नयन के लिए हो रहा निरंतर कार्य

राजनांदगांव, 6 जनवरी (हाईवे चैनल)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं के उन्नयन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना कार्ड और आयुष्मान कार्ड में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 100.20 प्रतिशत बना कर उपलब्धि के साथ जिला राज्य में सर्वप्रथम शत प्रतिशत पंजीयन करने वाला जिला है। इसी तरह आयुष्मान कार्ड पंजीयन लक्ष्य के विरूद्ध 98.42 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने में राज्य में जिला राजनांदगांव प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 25 हजार 88 वरिष्ठ 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 हजार 138 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 100.20 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जिला राज्य में सर्वप्रथम शत प्रतिशत पंजीयन करने वाला जिला है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का लक्ष्य कुल 9 लाख 52 हजार 546 के विरूद्ध 9 लाख 37 हजार 461 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 98.42 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी पात्र हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य पूर्ण किया गया है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदाय करने का प्रावधान है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त, कैशलेस और पेपरलेस इलाज प्रदान किया जा रहा है। शासन की एक बड़ी स्वास्थ्य बीमा पहल है जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करती है।

मादुरो की 'शेरनी' ने ली अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ

नई दिल्ली, 6 जनवरी (न्यूज चैनल)। वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति बन गई है जैसी रिगेट शपथ के दौरान उनकी तरफ से बयान भी सामने आ गया। उन्होंने कहा कि मैं उस पीड़ा के साथ आई हूं जो हमारी मातृभूमि पर हुई अवैध सैन्य आक्रामकता के बाद वेनेजुएला के लोगों को झेलनी पड़ी है। उसके बाद डेल्सी चीन, रूस और ईरान के एंबेसडर से गले मिली। इसके अलावा अमेरिका को यह संदेश दिया कि ये देश हमारे साथ इस वक्त खड़े हुए हैं क्योंकि ये तीनों देश जिनके इस वक्त हमने आपको जानकारी दी यह अमेरिका ने जो इस कारवाही को अंजाम दिया उसका विरोध कर चुके हैं और पिता की गिरफ्तारी के बाद असेंबली में माधुर के बेटे ने अपील की है आपने हम सभी को मजबूत बनाया हमारी मातृभूमि अच्छे हाथों तो आगे कहते हैं जल्दी हम वेनेजुएला में आपसे गले भी यहां पर मिलने वाले हैं। हालांकि भावुक भी वो हुए जो अमेरिका ने किया उसकी कड़ी तीर पर निंदा भी की गई।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, एसआईआर में मौतों को लेकर कोर्ट जाएगी ममता बेनर्जी और खुद करेंगी पैरवी।

चुहिया- हां जी, एसआईआर का मामला है कौन जाने कौन वकील क्या बोल दे..!